मांग संख्या 21

मुख्य शीर्ष 2217

मद कमांक 1

छत्तीसगढ़ भाड़ा नियंत्रण अधिकरण के अध्यक्ष के लिए 01 वाहन क्रय हेतु ₹ 6.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹ 6,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद कमांक 2

नगर तथा ग्राम निवेश के लिए फोटोकॉपियर, कम्प्यूटर एवं लेपटॉप क्रय हेतु ₹ 2.85 लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा । इस हेतु ₹ 100 का प्रतीक प्रावधान किया गया है ।

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹ 100 अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4216

मद कमांक 3

नया रायपुर सेक्टर-17 में कर्मचारियों के विभिन्न श्रेणी के 1,334 आवास भवनों के निर्माण हेतु इस वर्ष ₹ 1000.00 लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय का अपरीक्षित नवीन मद हैं ।

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹ 10,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मुख्य शीर्ष 4217

मद कमांक 4

1. नया रायपुर सेक्टर-18 में माननीय मंत्रीगण एवं उच्च श्रेणी के अधिकारियों हेतु शासकीय आवासों के निर्माण हेतु इस वर्ष ₹ 100.00 लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा । इस हेतु ₹ 100 का प्रतीक प्रावधान किया गया है । यह व्यय का अपरीक्षित नवीन मद हैं ।

2. नया रायपुर स्थित महानदी भवन, मंत्रालय को वाई-फाई युक्त करने हेतु ₹ 100.00 लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा । इस हेतु ₹ 100 का प्रतीक प्रावधान किया गया है ।

अत: उक्त प्रयोजनों हेतु ₹ 200 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।